# सड़क संपर्क से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान होगी : शिवराज सिंह

## पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी, 31 नई सड़कों और मूंग खरीदी की घोषणा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त के तहत देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,880 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़े रायसेन जिले के बाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय जनकल्याण शिविर में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।




श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता के साथ मध्य प्रदेश सरकार भी 6 हजार रुपये प्रदान कर रही है, जिससे प्रदेश के किसानों को सालाना 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने भोजपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 31 नई ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान होगी तथा ग्रामीण विकास को गति मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने मंच से मूंग खरीदी की स्वीकृति की घोषणा करते हुए कहा कि किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मूंग प्रदेश की महत्वपूर्ण फसल बन चुकी है और सरकार किसानों के पसीने की हर बूंद की कीमत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए श्री चौहान ने बताया कि रायसेन जिले में 1.36 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1.08 लाख से अधिक पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में चिन्हित प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। उन्होंने हर बहन को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प दोहराते हुए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रशिक्षण, ऋण और विपणन सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कम बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार ने संयुक्त कंटिंजेंसी प्लान तैयार किया है, जिसके तहत किसानों को फसल चयन, नमी संरक्षण और जल प्रबंधन संबंधी वैज्ञानिक सलाह दी जाएगी।

कार्यक्रम में युवाओं के लिए रायसेन में 'मामा कोचिंग क्लास' और भविष्य में कैरियर काउंसलिंग सेंटर शुरू करने की घोषणा भी की गई। इसके अलावा नशामुक्ति अभियान, अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ जनजागरण चलाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, होशंगाबाद सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने बाड़ी में 785 लाख रुपये की लागत से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण भी किया तथा विभिन्न हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ वितरित किए।

## खास-खबरें

### पहली बारिश में उज्जैन की व्यवस्थाओं की खुली पोल, जलभराव और करंट से बढ़ी परेशानी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** मानसून की पहली जोरदार बारिश ने शनिवार को शहरवासियों को भीषण गर्मी और उमस से राहत तो दी, लेकिन साथ ही नगर की व्यवस्थाओं की पोल भी खोलकर रख दी। दोपहर में शुरू हुई बारिश से किसानों और आम लोगों के चेहरे खिल उठे, वहीं कई क्षेत्रों में जलभराव, कीचड़ और अव्यवस्थाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। शहर में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत चल रहे निर्माण कार्य पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गए। केडी गेट चौराहे से लेकर देवास रोड तक कई स्थानों पर सड़कें जलमग्न हो गईं और खुदाई वाले क्षेत्रों में कीचड़ फैल गया। कई जगह सुरक्षा इंतजामों के अभाव में खुले गड्ढे राहगीरों के लिए खतरा बने रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थलों पर न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए हैं।

### पीएम किसान उत्सव दिवस 23वीं किश्त से जिले के 2.31 लाख किसानों को मिला लाभ



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि हस्तांतरित की है। आज पूरे देश में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में योजना की 23वीं किश्त का वितरण किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना 1 दिसंबर 2018 से प्रारंभ की गई थी। योजना के अंतर्गत पात्र कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किश्तों में सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। प्रत्येक किश्त में किसानों को 2,000 रु. की राशि प्रदान की जाती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, विदिशा जिले में 2 लाख 31 हजार 290 पात्र कृषक परिवारों को अब तक योजना की 22 किश्तों के माध्यम से लगभग 871.10 करोड़ रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जा चुकी है। विदिशा जिले में भी इस अवसर पर 2,31,290 हितग्राही कृषक परिवारों को लगभग 46.25 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित होगी।


### योग दिवस पर नूतन स्टेडियम में कार्यक्रम मुनिश्री प्रणम्यसागर का मिलेगा सानिध्य

**मन्दसौर।** मंदसौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार, 21 जून को शहर के नूतन स्टेडियम में दिगंबर जैन मुनिश्री प्रणम्यसागर महाराज की निश्रा में विशाल योग साधना कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुनिश्री प्रणम्यसागर जी द्वारा प्रणीत अर्हं योग की साधना भी इस ऐतिहासिक आयोजन में कराई जाएगी। कार्यक्रम में मप्र शासन की ओर जारी सूची के अनुसार मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता मौजूद रहेंगे। वहीं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिले अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मंदसौर शहर के सभी समाज, सभी संस्थाएं, विद्यार्थी, व्यापारी वर्ग तथा सभी योग प्रेमी सम्मिलित होकर भव्यता प्रदान करेंगे।

## नागदा संयंत्र में लगी आग पर 25 मिनट में पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

**नागदा।** नागदा स्थित लेनक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के विनिर्माण संयंत्र में 17 जून की रात करीब 9:25 बजे आग लगने की घटना हुई। कंपनी की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और प्रशिक्षित फायर एवं रेस्क्यू टीम की तत्परता से आग पर मात्र 25 मिनट में नियंत्रण पा लिया गया। कंपनी द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही उत्पादन गतिविधियों को सुरक्षित रूप से बंद कर दिया गया और स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं तथा सहयोगी उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं नियंत्रण कार्य शुरू किया गया। रात 9:50 बजे तक आग पूरी तरह बुझा दी गई और प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित घोषित कर दिया गया। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि घटना में किसी कर्मचारी, संविदा कर्मी अथवा अन्य व्यक्ति को कोई चोट नहीं पहुंची और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में पाया। कंपनी के यूनिट मैन्युफेक्चरिंग हेड सुनील कुमार गुलाटी ने कहा कि सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों की विस्तृत जांच निर्धारित प्रक्रियाओं के तहत की जा रही है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** आगामी 26 जून को मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व के मद्देनजर एसडीएम श्रीमती अनुभा जैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी श्रीमती शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी, ट्रैफिक प्रभारी श्री लोधी, एमपीवी के सहायक यंत्री श्री वर्गिस, नगर पालिका के आरआई वरुणेंद्र चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में मुहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न की जाए, जिससे किसी वर्ग की भावनाएं आहत हों।

## मानसूनी बारिश के इंतजार में किसान

**गंजबासौदा।** क्षेत्र के किसान खरीफ फसलों की बुआई के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं और अब मानसून की अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि पर्याप्त वर्षा होते ही खेतों में बखरनी और बुआई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वर्तमान में सोयाबीन बीज के दाम काफी बढ़ गए हैं। बाजार में सोयाबीन 10 से 13 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा है और कई स्थानों पर अनाज को ही बीज के रूप में बेचा जा रहा है। वहीं कृषि विभाग के पास भी पर्याप्त मात्रा में प्रमाणित बीज उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा डीएपी खाद की कमी भी किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। सोसायटियों में फिलहाल डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

## लाड़ली बहना योजना की राशि निकालने पहुंची महिला के पूर्व पति की देवर ने की हत्या

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला मुख्यालय से लगे पचामा गांव में शनिवार को बैंक में लाड़ली बहना योजना की राशि निकालने पहुंची एक महिला के पूर्व पति और वर्तमान ससुराल पक्ष (देवर) के बीच खूनी संघर्ष हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम थूना कला की रहने वाली एक महिला ने कुछ समय पहले बारवाखेड़ी निवासी प्रताप मालवीय से दूसरा विवाह किया था। आज महिला अपने वर्तमान देवर धर्मेंद्र मालवीय के साथ पचामा स्थित बैंक में 'लाड़ली बहना योजना' की किश्त की राशि निकालने आई थी। इसी दौरान वहां महिला का पूर्व पति बबलू भी पहुंच गया। बैंक के बाहर अचानक दोनों पक्षों का आमना-सामना हो गया।

**मामूली विवाद और फिर पेट में घोंपा चाकू:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूर्व पति बबलू और महिला के वर्तमान देवर धर्मेंद्र मालवीय के बीच पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हिंसक झड़प होने लगी। इसी बीच, आरोपी धर्मेंद्र ने तैश में आकर अपने पास रखे चाकू से बबलू के पेट पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने से बबलू लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल बबलू को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तुरंत अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन घाव गहरे होने के कारण उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश व मामले के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पचामा क्षेत्र के नागरिकों में दहशत का माहौल है। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव का कहना है कि अभी तक पुलिस की जांच में जो सामने आया है उसके अनुसार महिला के देवर ने महिला के पूर्व पति की हत्या की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## सहायक यंत्री कार्यालय पहुंचे ग्रामीण, बोले- 200 रुपए से बढ़कर 20 हजार तक पहुंचे बिल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** सीहोर के बिजोरी गांव के ग्रामीण बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर सहायक यंत्री कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नए मीटर लगने के बाद से बिजली विभाग मनमाने बिल दे रहा है। उनके अनुसार, जिन घरों में पहले 100 से 200 रुपये के बिल आते थे, अब वे 5,000 से 20,000 रुपए तक पहुंच गए हैं।



**स्मार्ट मीटर हटाने की मांग:** ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि बीते 2 फरवरी को इलाके में अचानक हाई वोल्टेज आने के कारण कई उपभोक्ताओं के बिजली उपकरण जल गए थे। इसकी शिकायत भी उन्होंने कार्यालय में दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद विभाग ने नया मीटर लगाने में चार महीने का समय लगा दिया। एक महीने पहले ही मीटर लगाए गए हैं, लेकिन उन्हें भारी-भरकम बिल थमा दिए गए हैं। कुछ ग्रामीणों के बिल 30,000 रुपए, 25,000 रुपए और 15,000 रुपए तक आए हैं, जिसे वे पूरी तरह गलत बता रहे हैं।

**आंदोलन की चेतावनी:** ग्रामीणों के अनुसार, जब पुराना मीटर चालू था, तब उनका मासिक बिल 100 से 250 रुपए के बीच आता था। उनका कहना है कि वर्तमान में भी किसी की खपत 100 यूनिट से अधिक नहीं है। ग्रामीण अब 'स्मार्ट मीटर हटाने' और बढ़े हुए बिलों में जल्द सुधार करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**शाजापुर।** अपने ही घर में फांसी के फंदे पर युवक का शव झूलता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार लालपुरा निवासी मयंक प्रजापति का शव शुक्रवार रात करीब 12 बजे उसके घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। परिजनों ने जब मयंक को फंदे पर लटका देखा तो वे बदहवास हो गए। उन्होंने तत्काल उसे फंदे से नीचे उतारा और आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल में जांच के बाद ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मयंक प्रजापति फाइनेंस से जुड़ी गाड़ियों को सीज करने का काम करता था। उसकी शादी करीब दो से ढाई साल पहले ही हुई थी और उसका एक छोटा बच्चा भी है, जिसके सिर से अब अचानक पिता का साया उठ गया है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की समन्वय बैठक सम्पन्न

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समन्वय बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि जिले में रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिले इस कार्य में कहीं भी चूक ना हो।



स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के डीन, सिविल सर्जन-सह-अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के समस्त सीडीपीओ उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, संजीवनी क्लीनिक, 108 एम्बुलेंस सेवा तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के संचालन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि जिले में गर्भवती महिलाओं का एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) पंजीयन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं बिना एएनसी पंजीयन के मेडिकल कॉलेज अथवा जिला चिकित्सालय में प्रसव हेतु पहुंच रही हैं, वहां की संबंधित एएनएम के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रथम ट्रैमास में लक्ष्य के अनुरूप 100 प्रतिशत एएनसी पंजीयन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए सभी विकासखंडों को निर्धारित समयसीमा में गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांचें पूर्ण कर पोर्टल पर अद्यतन जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रसव केन्द्रों पर होने वाले प्रत्येक प्रसव की ऑनलाइन प्रविष्टि महिला के डिस्चार्ज के समय ही किए जाने तथा जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत एसएनए माध्यम से भुगतान प्रक्रिया भी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बर्थ वेटिंग रूम में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित करने तथा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची प्रदर्शित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला समन्वयक 108 को निर्देशित किया कि एम्बुलेंस सेवाएं समयबद्ध एवं पूर्णतः निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एम्बुलेंस स्टाफ द्वारा किसी भी हितग्राही से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जानी चाहिए। यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## भैरूंदा में अवैध कॉलोनियों का विस्तार नियमों की अनदेखी पर उठे सवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों के विकास का मामला चर्चा में है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिना आवश्यक अनुमतियों और वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किए बड़े पैमाने पर प्लॉटिंग की जा रही है, जबकि संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।

जानकारी के अनुसार नगर से लगे कई क्षेत्रों में कृषि भूमि को छोटे-छोटे प्लॉटों में विभाजित कर बिक्री की जा रही है। कई स्थानों पर सड़कों का निर्माण और प्लॉटों का सीमांकन भी किया जा चुका है। नागरिकों का कहना है कि इन परियोजनाओं में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) की स्वीकृति, रेरा पंजीयन और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनाइजर कम कीमत और बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर लोगों को प्लॉट खरीदने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ऐसे में कई परिवार अपनी जमा-पूंजी निवेश करने की तैयारी में हैं। हालांकि, परियोजनाओं की वैधता को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

नागरिकों का कहना है कि यदि भविष्य में ये कॉलोनियां अवैध पाई जाती हैं तो खरीदारों को सड़क, पानी, बिजली, नामांतरण और भवन निर्माण अनुमति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ पहले से विकसित कॉलोनियों में भी मूलभूत सुविधाओं की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। रहवासियों के अनुसार कई क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं है और बरसात के मौसम में झाड़ियों व गंदगी के कारण सांप-बिच्छुओं का खतरा बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि भैरूंदा-सीहोर मार्ग, इंदौर-भोपाल मार्ग तथा अन्य क्षेत्रों में विकसित हो रही कॉलोनियों की जांच कराई जाए और स्पष्ट किया जाए कि कौन-सी परियोजनाएं वैध हैं।

## परमिट शटडाउन के बावजूद चालू की बिजली, खंभे पर जिंदा जला हेल्पर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** जिले में सिस्टम की रोंगटे खड़े कर देने वाली लापरवाही ने एक गरीब मजदूर की बलि ले ली। विभाग की एक चूक से परमिट शटडाउन होने के बावजूद अचानक बिजली चालू हो गई, जिससे खंभे पर ट्रांसफार्मर बदल रहे एक हेल्पर की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। मृतक का शरीर खंभे पर ही धू-धू कर जलता रहा। इस दर्दनाक घटना का वीडियो सामने आने के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है और विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला कालापीपल तहसील क्षेत्र के ग्राम कमालपुर का है। गांव में काफी समय से एक डीपी खराब पड़ी थी। इसे बदलने के लिए बाकायदा विभागीय आदेश और शटडाउन परमिट लिया गया था। हेल्पर महेश मीणा इसी आदेश के तहत खंभे पर चढ़कर डीपी बदलने का कार्य कर रहा था। इसी बीच, बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई और लाइन में अचानक करंट दौड़ गया। हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से महेश मीणा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**वायरल हुआ खौफनाक मंजर:** घटना का मंजर इतना हृदय विदारक था कि करंट लगने के बाद महेश मीणा का शरीर खंभे पर ही तारों के बीच धू-धू कर जलता रहा। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली की पोल खोल कर रख दी है।

**कुणाल चौधरी ने पूछे सवाल:** घटना के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने मोहन यादव सरकार और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। कुणाल चौधरी ने सवाल उठाते हुए कहा, जब डीपी बदलने के लिए विभाग का अधिकृत आदेश और परमिट मौजूद था, तो फिर उसकी अनदेखी कैसे हुई? लाइन कैसे चालू कर दी गई? आखिर महेश मीणा की इस मौत का जिम्मेदार कौन है सरकार या विभाग?

**परिवार का एकमात्र सहारा था महेशः** कुणाल चौधरी ने बताया कि मृतक महेश मीणा महज 8 हजार रुपये महीने के मामूली वेतन पर अपनी जान जोखिम में डालकर काम करता था। उसके कंधों पर ही पूरे परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी थी। उसकी मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की है कि इस घोर लापरवाही के जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाते हुए मृतक के परिवार के एक सदस्य को तत्काल सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा दिया जाए।


## कार्यालय पुलिस दूरसंचार मुख्यालय मध्यप्रदेश,भोपाल

E-mail:ssp_radio@mppolice.gov.in फोन कार्यालय (0755) 2443674

क्रमांक-पु.दू.मु./प्रशासन/housekeeping / डी-10654/2026, दिनांक 19/06/2026

### ई-निविदा सूचना

पुलिस रेडियो मुख्यालय एवं नवनिर्मित डॉयल 112 स्टेट कमांड सेन्टर भवन के कुल क्षेत्रफल 4,09,141 वर्गफीट की साफ-सफाई एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय परिसर में स्थापित इलेक्ट्रिक रूम, बैटरी रूम तथा Fire Sepration Room की नियमित सफाई एवं बाह्य परिसर के बगीचे का विस्तृत लेआउट में लगे फायर हाईड्रेन्ट लाईन्स, इलेक्ट्रिक फिटिंग की लाईनों, संचार नेटवर्क की लाईनों, OFC की लाईनों को बिना बाधित किये कुशलता से साफ-सफाई कार्य करने के लिये ऐसे अनुभवी फर्म/ इच्छुक व्यक्तियों (कुशल, अर्धकुशल, अकुशल श्रमिकों) से जिन्होंने केन्द्रीय/राज्य शासन के विभाग अथवा सार्वजनिक उपक्रम अथवा केन्द्र/राज्य सरकार से विधि द्वारा स्थापित किसी भी स्वायत्त संस्थान में हाउसकीपिंग एवं 25 लाख रूपये का कार्य किया हो. 12 माह की अवधि (एक वर्ष) के लिए मासिक आधार पर ई-निविदा आंमत्रित की जाती है। कार्य से संबंधित समस्त सामग्री निविदाकार की रहेगी ।

| स.क्रं. | कार्य का नाम | भवन का क्षेत्रफल | सुरक्षा निधि राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस रेडियो मुख्यालय एवं नवनिर्मित डॉयल 112 स्टेट कमांड सेन्टर भवन के कुल क्षेत्रफल 4,09,141 वर्गफीट की साफ-सफाई एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय परिसर में स्थापित इलेक्ट्रिक रूम, बैटरी रूम तथा Fire Sepration Room की साफ-सफाई एवं बाह्य परिसर में लगी इलेक्ट्रिक फिटिंग की लाईनों, संचार नेटवर्क की लाईनों, हस्र्स्ट की लाईनों को बिना बाधित किये कुशलता से साफ-सफाई कार्य करने के लिये 01 वर्ष हेतु। | कुल क्षेत्रफल 4,09,141 वर्गफीट | 1,50,000/- | 3,000/- |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क) किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा और ना ही इसमें किसी प्रकार की छूट दी जावेगी।
2. सुरक्षा निधि की राशि एवं निविदा शुल्क वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेडियो) मध्य प्रदेश, भोपाल के नाम से ऑनलाइन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आवश्यक रूप से जमा करना होगा।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
4. ऑनलाईन निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर अपलोड करना होगी।
5. **शेड्यूल :-**

| S.No. | Activity of tender | Date | Day | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Documents Publish/download/Sale Start Date | 20/06/2026 | Saturday | 1800 Hrs |
| 2. | Bid Submission Start Date | 20/06/2026 | Saturday | 1830 Hrs |
| 3. | Bid Submission End Date | 06/07/2026 | Monday | 1500 Hrs |
| 4. | Opening of PQ Bid | 07/07/2026 | Tuesday | 1510 Hrs |

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेडियों)
मध्यप्रदेश, भोपाल

जी-14647/26